सं. ई–16015 / ज्ये0प्र0अ0–प्रतिनियुक्ति / सीआईएसएफ / 2021 / कार्मिक– ।। / 974

महानिदेशालय

केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल

(गृह मंत्रालय)

ब्लॉक–13, सीजीओ कॉम्पलेक्स
लोधी रोड, नई दिल्ली–110003
दिनांक : 28 जून, 2023

सेवा में,

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय / विभाग।
2. केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के सभी कार्यालय प्रमुख।

विषय : केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, महानिदेशालय में प्रतिनियुक्ति के आधार पर वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के 01 रिक्त पद को भरने के संबंध में।

अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निर्देश हुआ है कि, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, महानिदेशालय में पे मैट्रिक्स (रू. 67700 – 208700 / –) पे–लेवल 11 में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, सामान्य केन्द्रीय सेवाएं, समूह – 'क' (सिविलियन, राजपत्रित, मंत्रालयीय) रैंक में 01 (एक) रिक्ति को प्रतिनियुक्ति द्वारा 3 (तीन) वर्षों की अवधि अथवा 31.12.2024, जो भी पहले हो, तक भरा जाना प्रस्तावित है।

2. पद के लिए पात्रता शर्तें **अनुलग्नक– ।** में उल्लेखित की गई है।

3. प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन पत्रों की प्राप्ति की अंतिम तिथि को 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

4. प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए चयनित अधिकारी का वेतन और अन्य शर्तें इस संबंध में समय–समय पर जारी भारत सरकार के आदेशों और सीआईएसएफ नियमों के अनुसरण में भी अधिशासित की जाएंगी।

5. यह अनुरोध किया जाता है कि उपयुक्त पात्र और इच्छुक अधिकारियों के संबंध में, जिन्हें चयन होने की स्थिति में तत्काल कार्यभार मुक्त किया जा सके, अनुलग्नक– ।। में निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र (तीन प्रतियों में) **उप महानिरीक्षक / कार्मिक, महानिदेशालय, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, ब्लॉक संख्या 13, सीजीओ कॉम्पलेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली–03** को भेजा जाना चाहिए, जिससे यह अद्यतन एपीएआर डोजियर्स और सतर्कता प्रमाण पत्र के साथ इस पत्र के जारी होने या रोज़गार समाचार पत्र में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के अंदर, जो भी बाद में हो, पहुंच जाए। कृपया इसे नोट किया जाए कि अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त अथवा अपेक्षित दस्तावेज़ों के बिना अथवा किसी भी प्रकार अपूर्ण पाए गए आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा और इस संदर्भ में किए गए किसी भी पिछले संदर्भ पर विचार नहीं किया जाएगा। चूंकि नियुक्ति तत्काल की जानी है, यह अनुरोध किया जाता है कि उपरोक्त उल्लेखित आवेदन पत्रों की प्राप्ति की अंतिम तिथि का पूर्णतः पालन किया जाए।

Rahul Jain 27/6/23
(डॉ राहुल जैन)
उप महानिरीक्षक (कार्मिक)

संलग्न :– यथोपरोक्त।

1. महानियंत्रक लेखा, पश्चिमी ब्लॉक सं. 5, आर. के. पुरम, नई दिल्ली।
2. महानियंत्रक लेखा, लोक नायक भवन, नई दिल्ली।
3. उप सचिव (कार्मिक– ।), गृह मंत्रालय, नई दिल्ली।

**मूल में संलग्न नहीं**

1. सहायक महानिरीक्षक / तकनीकी, सीआईएसएफ मुख्यालय, नई दिल्ली – विज्ञापन सीआईएसएफ की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए।

**अनुलग्नक – I**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | पद का नाम | : | वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी |
| 2. | पद का स्पष्टीकरण | : | सामान्य केन्द्रीय सेवा समूह "क" (राजपत्रित, मंत्रालयीय) |
| 3. | पद का वेतनमान | : | पे मैट्रिक्स (रू. 67700–208700/–) मे पे लेवल –11 |
| 4. | प्रतिनियुक्ति पर भरे जाने वाले पदों की संख्या | : | 01 (एक) |
| 5. | प्रतिनियुक्ति की अवधि | : | 03 (तीन) वर्ष अथवा 31.12.2024 तक जो भी पहले हो |

6. भर्ती नियमों के अनुसार, पात्रता की शर्तें निम्नानुसार हैः–

**पदोन्नति अथवा प्रतिनियुक्ति द्वारा**

केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/संघ प्रदेश के अधीन अधिकारीगण :–

(क) (i) मूल संवर्ग/विभाग में नियमित आधार पर अनुरूप पदधारक; अथवा

(ii) पे मैट्रिक्स लेवल–10 अथवा समतुल्य में (रू. 56100–177500/–) में पद पर पांच वर्षों की नियमित सेवा के साथ; एवं

(ख) प्रशासन, स्थापना और लेखा संबंधी मामले में पांच वर्षों का अनुभव।

(टिप्पणी I : फीडर संवर्ग में विभागीय अधिकारी जिनकी प्रत्यक्षतः पदोन्नति होनी है, वे प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त करने के लिए विचार करने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार पदोन्नति द्वारा नियुक्ति हेतु विचार के लिए पात्र प्रतिनियुक्ति धारियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

टिप्पणी II : केन्द्र सरकार के उसी अथवा अन्य किसी संगठन अथवा विभाग में इस नियुक्ति के तत्काल पहले धारण किए हुए किसी अन्य संवर्ग बाह्य पद में प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यता चार वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। प्रतिनियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन पत्रों की प्राप्ति की समाप्ति की अंतिम तिथि को 56 वर्ष होगी)

****************

## जीवनवृत्त (बायो डाटा) प्रपत्र

| क.सं. | ब्यौरा | विवरण | |
|---|---|---|---|
| 1 | नाम और पता (बड़े अक्षरों में) | | |
| 2 | जन्म तिथि (ईस्वी सन् में) | | |
| 3 | केन्द्र/राज्य सरकार नियमावली के तहत सेवानिवृति की तिथि | | |
| 4 | शैक्षिक अर्हताएं | | |
| 5 | क्या पद के लिए अपेक्षित शैक्षिक एवं अन्य अर्हताएं संतोषप्रद हैं। (यदि किसी अर्हता को नियमावली में निर्धारित किसी अर्हता के समतुल्य माना गया है तो उसका प्राधिकार दर्शाएं।) | | |
| | अनिवार्य | अपेक्षित अर्हता अनुभव | अधिकारी द्वारा धारित अर्हता अनुभव (प्रमाण पत्रों की प्रतियां) |
| | | 1<br>2<br>3...... | |
| | वांछनीय | अपेक्षित अर्हता अनुभव | अधिकारी द्वारा धारित अर्हता अनुभव |
| | | 1<br>2<br>3...... | |
| 6 | कृपया उपरोक्त प्रविष्टियों के आलोक में यह स्पष्ट रूप से दर्षाएं कि आप पद के लिए अपेक्षाओं को पूरा करते हैं। | | |

| 7 | क्रमानुसार रोजगार का विवरण। यदि नीचे दिए गए स्थान पर्याप्त नहीं हैं तो अपने हस्ताक्षर द्वारा विधिवत रूप से सत्यापित एक अलग शीट संलग्न करें। | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | कार्यालय/संस्थान/संगठन | धारित पद | से | तक | वेतनमान एवं मूल वेतन | कार्य का स्वरूप (विस्तार से) |
| | | | | | | |

| 8 | मौजूदा रोजगार का स्वरूप अर्थात् – तदर्थ अथवा अस्थायी अथवा अर्द्धस्थायी अथवा स्थायी | |
|---|---|---|

लगातार..........2

| | | | |
|---|---|---|---|
| 9 | यदि मौजूदा रोजगार प्रतिनियुक्ति/संविदा आधार पर है तो कृपया दर्शाए | क) प्रारंभिक नियुक्ति की तिथि | |
| | | ख) प्रतिनियुक्ति/ संविदा के आधार पर नियुक्ति की अवधि | |
| | | ग) मूल कार्यालय/ संगठन का नाम जिससे आप संबंधित हैं। | |
| 10 | आपके वर्तमान रोजगार के संबंध में अतिरिक्त विवरण | कृपया दर्शाएं कि आप किसके अधीन कार्यरत हैं।<br>(संबंद्ध कॉलम के सामने अपने नियोक्ता का नाम दर्षाए) | |
| | | क) केन्द्र सरकार | |
| | | ख) राज्य सरकार | |
| | | ग) स्वायत संगठन | |
| | | घ) सरकारी उपक्रम | |
| | | ड.) विश्वविद्यालय | |
| | | च) अन्य | |
| 11 | क्या आप उसी विभाग में कार्यरत हैं अथवा फिडर ग्रेड अथवा फिडर के फिडर ग्रेड में हैं? कृपया दर्शाए। | | |
| 12 | क्या आप संशोधित वेतनमान में आते हैं? यदि हां, तो वह तिथि दर्शाएं जिससे संशोधन हुआ और पूर्व संषोधित स्केल को भी दर्शाएं। | | |
| 13 | इस समय आहरित की जाने वाली प्रति माह वेतनमान मौजूदा मूलवेतन कुल परिलब्धियां | वेतनमान<br>मौजूदा मूल वेतन<br>इस समय आहरित की जाने वाली प्रति माह वेतनमान<br>मौजूदा मूलवेतन कुल परिलब्धियां | |
| 14 | पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में अतिरिक्त सूचना, यदि कोई है जो आप उल्लिखित करना चाहते हैं। (यहां अन्य बातों के अलावा इनके संबंध में जानकारी प्रदान कर सकते हैं (1) अतिरिक्त शैक्षिक अर्हताएं (2) व्यवसायिक प्रषिक्षण (3) उपरोक्त रिक्ति परिप्रत्र/विज्ञापन में निर्धारित से अतिरिक्त कार्य अनुभव)। यदि स्थान पर्याप्त नहीं है तो एक अलग शीट संलग्न करें। | | |
| 15 | क्या आपने लघु अवधि संविदा आधार सहित पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति के लिए आवेदन किया है? कृपया दर्शाए । | | |
| 16 | क्या आप अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछडा वर्ग से संबंधित है? | | |

लगातार..........3

| | | |
|---|---|---|
| 17 | टिप्पणियां<br>(1) अभ्यर्थी अनुसंधान प्रकाशनों तथा रिपोर्ट एवं समाजिक परियोजनाओं के संबंध में सूचना ।<br>(2) पुरस्कार/छात्रवृति कार्यालय अभिमूल्यन<br>(3) व्यवसायिक निकायों/संस्थानों/संस्थाओं के साथ संबद्धता और<br>(4) अन्य कोई सूचना दर्शा सकते हैं ।<br>नोटः यदि स्थान पर्याप्त नहीं है तो एक अलग शीट संलग्न करें । | |

मैंने रिक्ति प्रपत्र/विज्ञापन का सावधानीपूर्वक अध्ययन कर लिया है और मैं भली भांति समझता हूँ कि मेरे द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों सहित जीवनवृत्त का आकलन चयन समिति द्वारा इस पद के चयन के समय भी किया जाएगा।

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

पता..............................................

तिथि :.............................................
स्थान :............................................

ऊपर उल्लिखित विवरणों को रिकॉर्ड से जांचा गया है और सही पाया है। यह प्रमाणित किया जाता है कि अधिकारी के विरुद्व कोई अनुशासनात्मक कार्यवाही, सतर्कता जांच लम्बित नहीं है अथवा अपेक्षित नहीं है और उनकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित है। उपरोक्त अधिकारी को उनके चयन होने पर सीआईएसएफ में नियुक्ति के लिए कार्यभार मुक्त कर दिया जाएगा।

प्रति हस्ताक्षरित

सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर
(कार्यालय की मोहर के साथ)

## आवेदक के कार्यालय के प्रमुख द्वारा दिया जाने वाला प्रमाण–पत्र

क) यह सत्यापित किया जाता है कि अधिकारी द्वारा प्रस्तुत किए गए विवरण सही हैं।

ख) यह सत्यापित किया जाता है कि अभ्यर्थी के विरूद्ध कोई अनुशासनिक/सतर्कता मामला लंबित अथवा अपेक्षित नहीं है वह सतर्कता दृष्टि से मुक्त है।

ग) उनकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित है।

घ) यह सत्यापित किया जाता है कि पिछले 10 वर्ष के दौरान अधिकारी के विरूद्ध कोई छोटी या बड़ी शास्ति पारित नहीं की गई है।

ड) उनके संपूर्ण एपीएआर डोजियार/एपीएआर की फोटो प्रतियों पर (प्रत्येक पृष्ठ पर) भारत सरकार के अवर सचिव पद के अधिकारी द्वारा सत्यापित कर संलग्न किया गया है।

च) यह सत्यापित किया जाता है कि अभ्यर्थी के विरूद्ध न्यायालय में कोई मामला लंबित नहीं है।

**(कार्यालय प्रमुख)**

नाम.................................................

टेलीफोन नं...................................

फैक्स नं........................................

कार्यालय मुहर सहित ...............

तिथि :............................................

स्थान :...........................................